भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3185
09 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

'स्पर्श' पेंशन संवितरण योजना

3185. श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंग:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 'स्पर्श' पेंशन संवितरण योजना के कार्यान्वयन में कमियों को दर्शाने वाला कोई आंतरिक नोट/दस्तावेज तैयार किया है;

(ख) यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को 'स्पर्श' पेंशन संवितरण योजना के संबंध में पेशन प्राप्तकर्ताओं/अन्य हितधारकों से शिकायतें प्राप्त हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

<u>उत्तर</u>
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख): स्पर्श रक्षा पेंशन स्वीकृति और संवितरण के लिए शुरू किया गया नवीन डिजिटल प्लेटफॉर्म है। हितधारकों एवं लाभार्थियों की संतुष्टि के लिए नोटिस एवं रिपोर्ट की गई समस्याओं को शीघ्रता से निपटाया गया है । मंत्रालय पेंशनभोगियों एवं हितधारकों के हितलाभ के लिए स्पर्श प्रणाली की लगातार निगरानी कर रहा है।

(ग) और (घ): पेंशनभोगियों द्वारा नोटिस किए गए एवं सूचित किए गए मुद्दों का शीघ्र निराकरण किया गया है और हितधारकों एवं पेंशनभोगियों की संतुष्टि के लिए स्पर्श प्रणाली में सुधार किए गए हैं ।

******